न्यायालय उप जिला कलक्टर एवं उप जिला मजिस्ट्रेट वजीरपुर
जिला सवाई माधोपुर
पीठासीन अधिकारी– सुधारानी मीना, आर0ए0एस0

| मुकदमा नम्बर | तारीख रजू | तारीख निर्णय |
|---|---|---|
| 59 / 2023 | 5.7.2023 | 19/3/26 |

1. गीता पुत्री भूरजी, मीना निवासी मेडी तहसील वजीरपुर
2. प्रेमराज पुत्र भूरजी, मीना निवासी मेडी तहसील वजीरपुर
3. रूमाली पुत्री भूरजी, मीना निवासी मेडी तहसील वजीरपुर
4. साबूती पुत्री भूरजी, मीना निवासी मेडी तहसील वजीरपुर
5. सीता पुत्री भूरजी, मीना निवासी मेडी तहसील वजीरपुर
6. सुपीता पुत्री भूरजी, मीना निवासी मेडी तहसील वजीरपुर
7. हजारी पुत्र भूरजी, मीना निवासी मेडी तहसील वजीरपुर
8. हंसराज पुत्र भूरजी, मीना निवासी मेडी तहसील वजीरपुर ——प्रार्थीगण

बनाम

1. धर्मसिंह पुत्र हाउ, मीना निवासी मेडी तहसील वजीरपुर
2. कमली पत्नि धर्मसिंह, मीना निवासी मेडी तहसील वजीरपुर
3. केशन्ति देवी पत्नि धर्मसिंह, मीना निवासी मेडी तहसील वजीरपुर
4. अमरपाल पुत्र सूका, मीना निवासी मेडी तहसील वजीरपुर
5. अमरसिंह पुत्र श्रीफूल, मीना निवासी मेडी तहसील वजीरपुर
6. आशीष पुत्र रामेश्वर, मीना निवासी मेडी तहसील वजीरपुर
7. जिम्मा पुत्र श्रीफूल, मीना निवासी मेडी तहसील वजीरपुर
8. ढोली पत्नि हाउ, मीना निवासी मेडी तहसील वजीरपुर
9. धर्मेन्द्र पुत्र रामेश्वर, मीना निवासी मेडी तहसील वजीरपुर
10. धर्मबाई पुत्री हाउ, मीना निवासी मेडी तहसील वजीरपुर
11. धर्मलाल पुत्र श्रीफल, मीना निवासी मेडी तहसील वजीरपुर
12. बाबूलाल पुत्र श्रीफूल, मीना निवासी मेडी तहसील वजीरपुर
13. भरतबाई पुत्री श्रीफल, मीना निवासी मेडी तहसील वजीरपुर
14. भंवरपाल पुत्र सूका, मीना निवासी मेडी तहसील वजीरपुर
15. मुकेशी पुत्री श्रीफल, मीना निवासी मेडी तहसील वजीरपुर
16. मगनबाई पुत्री हाउ, मीना निवासी मेडी तहसील वजीरपुर
17. मुगफली पुत्री श्रीफल, मीना निवासी मेडी तहसील वजीरपुर
18. मनीषा पुत्री श्रीफल, मीना निवासी मेडी तहसील वजीरपुर
19. मलूकी पत्नि रामेश्वर, मीना निवासी मेडी तहसील वजीरपुर
20. महेन्द्र पुत्र श्रीफूल, मीना निवासी मेडी तहसील वजीरपुर
21. मानसिंह पुत्र कंचन, मीना निवासी मेडी तहसील वजीरपुर
22. रेखा पुत्री रामेश्वर, मीना निवासी मेडी तहसील वजीरपुर
23. रामधनी पुत्री श्रीफूल, मीना निवासी मेडी तहसील वजीरपुर
24. रामबाबू पुत्र श्रीफूल, मीना निवासी मेडी तहसील वजीरपुर
25. राममुक्ति पुत्री रामेश्वर, मीना निवासी मेडी तहसील वजीरपुर
26. रामराज पुत्र श्रीफल, मीना निवासी मेडी तहसील वजीरपुर

Signature Not Verified
Digitally signed by Sudha Rani Meena
Date: 2026.04.07 17:16:59 IST
Reason: SelfAttested

27.रामावतार पुत्र श्रीफल, मीना निवासी मेडी तहसील वजीरपुर
28.विमलसिंह पुत्र श्रीफल, मीना निवासी मेडी तहसील वजीरपुर
29.सुखबाई पुत्री श्रीफल, मीना निवासी मेडी तहसील वजीरपुर
30.सरूपी देवी पत्नि स्व0 श्रीफल, मीना निवासी मेडी तहसील वजीरपुर
31.सरवती पत्नि स्व0 सूका, मीना निवासी मेडी तहसील वजीरपुर
32.लैण्ड होल्डर जरिए तहसीलदार वजीरपुर ——अप्रार्थीगण

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 128 एल0आर0एक्ट

उपस्थित :—श्री संजय कुमार शर्मा, एडवोकट, प्रार्थीगण की ओर से

निर्णय

प्रार्थीगण ने प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 128 लैण्ड रेवेन्यू एक्ट इस आशय का प्रस्तुत किया है कि प्रार्थीगण की सहखातेदारी की कृषि भूमि ख0नं0 955 रकबा 0.24 है0 ग्राम मेडी में स्थित है जिस पर प्रार्थीगण अपने राजस्व रिकार्ड में दर्ज हिस्से अनुसार काबिज काश्त हैं। प्रार्थीगण उपरोक्त वर्णित भूमि के सटवां ही पूर्व दिशा में अप्रार्थी संख्या 3 की खातेदारी की कृषि भूमि ख0नं0 954 रकबा 0.15 है0 स्थित है तथा प्रार्थीगण की आराजी के पश्चिम दिशा में सरकारी सडक है। इसी प्रकार उत्तर दिशा में भी अप्रार्थीगण की भूमि ख0नं0 956 रकबा 0.25 है0 कृषि भूमि है तथा दक्षिण दिशा में भी सरकारी सडक है। अप्रार्थी संख्या 1 व 2 प्रार्थीगण के पडौसी काश्तकार खातेदार हैं जो प्रार्थीगण की उपरोक्त वर्णित भूमि की डोल मेड को तोडकर आये दिन परेशानी पैदा करते रहते हैं। उसी क्रम में अप्रार्थीगण ने दिनांक 2.7.2023 को प्रार्थीगण की भूमि को कब्जाने की कोशिश की जिस पर प्रार्थीगण ने दिनांक 3.7.2023 को अपनी भूमि ख0नं0 955 रकबा 0.24 है0 की नाप करवाने हेतु तहसीलदार वजीरपुर को प्रार्थना पत्र पेश किया था जिस पर तहसीलदार वजीरपुर ने वर्तमान में जमीन की नाप तोल करवाने की प्रक्रिया को करवाने में सरकार के नियमानुसार मनाही बताकर न्यायालय उप जिला कलक्टर वजीरपुर के यहां से नाप अथवा पत्थरगढी का आदेश लाने की बात कही इसलिए यह प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक हुआ है। अतः प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन है कि ग्राम मेडी में स्थित प्रार्थीगण की सहखातेदारी की कृषि भूमि ख0नं0 955 रकबा 0.24 है0 की तहसीलदार वजीरपुर की मौजूदगी में टीम बनाकर माप करवाकर पत्थरगढी करवाए जाने के आदेश प्रदान करें।

प्रार्थना पत्र के समर्थन में प्रार्थीगण ने नकल जमाबंदी सं0 2076 से 2079 खाता संख्या 105 ग्राम मेडी बाबत ख0नं0 955, नकल नक्शा ट्रेस, नकल जमाबंदी सं0 2076 से 2079 खाता सं[illegible] खाता संख्या 9, खाता संख्या 1 ग्राम मेडी प्रस्तुत की है।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर अ[illegible]गण को तलब किया गया। अप्रार्थीगण बाबजूद सूचना उपस्थित नहीं हुए। प्रार्थना पत्र तहसीलदार वजीरपुर से रिपोर्ट चाही गई।

Signature Not Verified
Digitally signed by Sudha Rani Meena
Date: 2026.04.07 17:16:59 IST
Reason: SelfAttested

तहसीलदार वजीरपुर की ओर से उनके पत्र क्रमांक भू0अ0/2024/547 दिनांक 26.6.2024 के साथ रिपोर्ट प्राप्त हुई है। अपनी रिपोर्ट में तहसीलदार वजीरपुर ने अंकित किया है कि पटवारी हलका मेडी व भू–अभि0 निरीक्षक रायपुर द्वारा ख0नं0 955 ग्राम मेडी का सीमाज्ञान कराया जा चुका है। आराजी भूमि की सीमाओं पर विवाद है व प्रार्थी आवेदित आराजी भूमि पर पूर्णरूपेण काबिज है।

प्रार्थना पत्र 128 एल0आर0एक्ट पर वकील प्रार्थीगण को सुना गया।

प्रार्थीगण के वकील ने अपने प्रार्थना पत्र के अनुरूप बहस करते हुए प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र स्वीकार करने का निवेदन किया है।

बहस पर मनन किया। पत्रावली पर उपलब्ध सीमाज्ञान रिपोर्ट का एवं राजस्व अभिलेख का अवलोकन किया। भूमि ख0नं0 955 रकबा 0.24 है0 ग्राम मेडी प्रार्थीगण की सहखातेदारी में दर्ज है एवं भू–अभिलेख निरीक्षक रायपुर व पटवारी हलका मेडी द्वारा दिनांक 21.6.2024 को प्रार्थीगण को इस भूमि का सीमाज्ञान करवाया जा चुका है। फलस्वरूप प्रार्थीगण अपनी सहखातेदारी की भूमि की पत्थरगढी करवाने के अधिकारी हैं।

## आदेश

अतः उपरोक्त विवेचन के अनुसार प्रार्थीगण द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 128 एल0आर0एक्ट स्वीकार किया जाता है एवं भूमि ख0न0 955 रकबा 0.24 है0 ग्राम मेडी तहसील वजीरपुर की सीमाओं के सम्बन्ध में मौके पर कोई विवाद नहीं हो तो उपरोक्त खसरा नम्बर 955 रकबा 0.24 है0 ग्राम मेडी की प्रार्थीगण को पत्थरगढी करवाने का आदेश दिया जाता है।

निर्णय की पालना हेतु निर्णय की सत्य–प्रतिलिपि तहसीलदार वजीरपुर को भिजवाई जावे।

पत्रावली फैसलशुमार होकर नम्बर से कम हो एवं बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 10/3/26 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

( सुधारानी मीना)
उप जिला कलेक्टर
वजीरपुर

Signature Not Verified

Digitally signed by Sudha Rani Meena
Date: 2026.04.07 17:16:59 IST
Reason: SelfAttested